# मध्यप्रदेश माध्यम

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011
टेलीफोन नम्बर 0755-2551910, 2551330

## अल्पकालीन निविदा सूचना

### गणतंत्र दिवस समारोह, 2016 नई दिल्ली के लिए मध्यप्रदेश की झांकी का 3डी मॉडल एवं झांकी निर्माण तथा प्रदर्शित करने के लिए अल्पकालीन निविदायें आमंत्रित हैं

मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा म.प्र. शासन के लिए गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2016, नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाने वाली मध्यप्रदेश की चलित झांकी का 3डी मॉडल का निर्माण एवं झांकी निर्माण तथा प्रदर्शन के लिए इच्छुक, प्रतिष्ठित एवं उक्त समारोह के लिए झांकी संबंधी कार्यों का लगातार कम से कम 5 वर्षों का अनुभव रखने वाली तथा उक्त झांकी के संबंध में रक्षा मंत्रालय से कम से कम 3 पुरस्कार प्राप्त फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें रुपये 1000/- (रुपये एक हजार मात्र) नगद जमा कर (जिसकी वापसी नहीं होगी), कार्यालयीन दिवस में फर्म के लेटरहेड पर आवेदन पत्र देकर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मध्यप्रदेश माध्यम की वेबसाइट **www.mpmadhyam.in** से भी इसे डाउनलोड किया जा सकता है, लेकिन निविदा जमा करते समय निविदा फार्म की कीमत रुपये 1000/- (रुपये एक हजार मात्र) मध्यप्रदेश माध्यम के नाम से भोपाल में देय बैंक डिमांड ड्राफ्ट द्वारा निविदा के साथ जमा करनी होगी। ‘झांकी का मॉडल 23 नवंबर को दिल्ली स्थित **म.प्र. सूचना केन्द्र, बाबा खड़गसिंह मार्ग** पर प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.11.2015 दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जायेंगी एवं सीलबंद निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जा सकती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ रुपये 50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) प्रतिभूति राशि बैंक डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जमा करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मध्यप्रदेश माध्यम के प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के विवाद के लिए न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा। विज्ञापन वेबसाइट **www.mpmadhyam.in** पर भी उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/78548/20154 **प्रबंध संचालक**